


RNI NO. MPHIN38290 (TC)
संपादक : ऐश्वर्य शर्मा

# मालवा फर्स्ट

**MALWA FIRST**

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

नीमच, बुधवार
03 जनवरी 2024
वर्ष 01, अंक 43, - मूल्य 02 रूपए

E-mail: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866

Commodity: Gold 65,540 | Silver 78,900 | Crude Oil 5,910 | Natural Gas 213,70 | Aluminium 208.85 | Copper 730.35

**काम की खबर**

## सीआरपीएफ कैम्प में मिशन लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट् (Life) के तहत साइकिल रैली का आयोजन

**नीमच।** साइकिल चलाना स्वस्थ रहने का सबसे आसान एवं आनंददायक तरीका है और यह पर्यावरण के अनुकूल भी है। अगर हम पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण करना चाहते हैए फिट रहना चाहते हैं और वजन तथा कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करना चाहते हैं, तो नियमित साइकिलिंग अवश्य करें। इससे हमारे मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा मिलता है। यह एक एरोबिक एक्सरसाइज हैए जिससे शरीर को बहुत से लाभ मिलते हैं तथा हमारा शरीर एक्टिव रहता है। यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए बेहद फायदेमंद है।

स्मरण रहे कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी द्वारा स्टैच्यू ऑफ यूनिटीए केवडियाए गुजरात में मिशन लाइफस्टाइल फ ॉर एनवायरनमेंट (Life) का शुभारंभ किया गया था। इसका उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक कार्रवाई को बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रातः 06.30 बजे सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र, नीमच में एसएलसी खूप, डीआईजी के कुशल मार्गदर्शन में सभी राजपत्रित अधिकारियोंए अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों द्वारा पूरे जोश व उत्साह के साथ बढ.चढ़कर साइकिल रैली में भाग लिया। साइकिल रैली के जरिये ग्रुप केन्द्रए सीण्आरण्पीण्एफए नीमच द्वारा आम जनमानस में एनवायरनमेंट के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ.साथ शारीरिक गतिविधियों को दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। साइकिल रैली सरदार गेट से प्रारम्भ होकर ऑक्टरलोनी हाउस पर इसका समापन हुआ।



# प्रधानमंत्री मोदी ने दी 20140 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात



**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को देश को 20,140 करोड़ की कई परियोजनाओं सौगात दी। उन्होंने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने राज्य में हाल ही में हुई भारी बारिश, दिसंबर 2023 में आई बाढ़ और इनसे हुए नुकसान का जिक्र किया और कहा कि वह प्रभावित परिवारों की पीड़ा समझ सकते हैं।**

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार संकट की इस घड़ी में तमिलनाडु के लोगों के साथ खड़ी है। हम राज्य सरकार को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में हवाई और बंदरगाहों, रेलवे, राजमार्ग, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, परमाणु ऊर्जा और उच्च शिक्षा से संबंधित 20 परियोजनाओं की आधारशिला रखी, उद्घाटन किया और राष्ट्र को समर्पित किया।

मोदी ने देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कषगम (DMDK) के नेता विजयकांत की प्रशंसा की, जिनका कुछ दिन पहले ही निधन हो गया था। तमिल सिनेमा और राजनीति में उनके योगदान की भी प्रधानमंत्री ने सराहना की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक नेता के रूप में, राजनीति में विजयकांत ने हमेशा राष्ट्रीय हित को हर चीज से ऊपर रखा। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति भी अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने तमिलनाडु के प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन को भी याद किया जिनका हाल ही में निधन हो गया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामीनाथन ने देश के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। प्रधानमंत्री ने तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बने नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। करीब 1,100 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित, दो-स्तरीय नए अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल भवन में सालाना 44 लाख से अधिक यात्रियों और व्यस्त समय के दौरान लगभग 3500 यात्रियों की सेवा करने की क्षमता है।

नए टर्मिनल में यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। प्रधानमंत्री ने चेन्नई में कामराजार बंदरगाह के जनरल कार्गो बर्थ-2 (ऑटोमोबाइल निर्यात/आयात टर्मिनल-2 और कैपिटल ड्रेजिंग फेज-5) को राष्ट्र को समर्पित किया।

उन्होंने 9,000 करोड़ रुपये से अधिक की पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने पिछले दिनों एक बयान में कहा था कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र की परियोजनाएं क्षेत्र में ऊर्जा की औद्योगिक, घरेलू और वाणिज्यिक आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में एक अहम कदम होगा।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के मद्देनजर वीसी के माध्यम से कमिश्नर्स, कलेक्टर्स, एसपी से चर्चा की



**नागरिकों को आवश्यक सामग्री के लिए परेशानी नही हो, इसके लिए सभी जरूरी उपाय किए जाएं - मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में कमिश्नर, कलेक्टर और एसपी के साथ वीसी के माध्यम से चर्चा कर ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के मद्देनजर किए जा रहे आवश्यक उपायों की जानकारी प्राप्त की और जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नागरिकों को आवश्यक सामग्री के लिए परेशानी नही हो, इसके लिए सभी जरूरी उपाय किए जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पेट्रोल-डीजल की सप्लाई प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेट्रोल-डीजल को लेकर कोई अवरोध पैदा करेगा तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएं, जनता को किसी भी प्रकार का कष्ट न हो। पेट्रोल पंप और एलपीजी गैस के डीलर्स जिनके अपने वाहन हैं, उनके माध्यम से सप्लाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर, ग्वालियर, कटनी, रीवा, उज्जैन, सागर समेत विभिन्न जिलों के कलेक्टर, एसपी से चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी मार्ग पर अवरोध और बाधा न हो। रास्ते की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी डीलर्स, एसोसिएशन के साथ बैठक करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा मैदान में मूवमेंट दिखे। सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया आदि प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए स्थिति सामान्य होने की जानकारी दी जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, डीजीपी श्री सुधीर कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री राघवेंद्र सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**ट्रैक्टर ट्राली में डोडाचूरा का किया जा रहा था अवैध परिवहन**

## सरवानिया महाराज पुलिस ने 60 किलोग्राम डोडाचूरा सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**सरवानिया महाराज।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अमित तोलानी के कुशल निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थ कि धरपकड हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक श्री अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया एवं अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निलेश्वरी डाबर थाना प्रभारी निरी दीपक कुमार मण्डलोई के मार्गदर्शन एवं चौकी सरवानिया महाराज उनि आर एस सिसोदिया के नेतृत्व में पुलिस चौकी सरवानिया महाराज की टीम द्वारा ट्रेक्टर ट्राली में स्कीम बनाकर परिवहन किया जा रहा 60 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडाचुरा छिलका जप्त कर 01 तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस चौकी सरवानिया महाराज को दिनांक 29.12.2023 को अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडाचुरा के परिवहन के संबंध में मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सुचना पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए मोरवन चादर बसेडीभाटी तिराहा आम रोड पर नाकाबन्दी कर स्वराज 735 आसमानी रंग टेक्टर ट्राली में स्कीम बनाकर अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा मादक पर्दाथ को पकड़ा।

काले रंग के तीन कट्टो में कुल 60 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडाचुरा छिलका आरोपी समरथ पिता लक्ष्मण भील उम्र 36 साल निवासी बुरावन थाना रामपुरा जिला नीमच से जप्त कर गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया।

प्रकरण में आरोपी से अफीम डोडाचुरा के स्त्रोतों के संबंध में पूछताछ व अनुसंधान जारी। 60 किलोग्राम अवैध अफीम डोडाचुरा छिलका एवं टेक्टर ट्राली किमती 06 लाख 70 हजार रू. कुल मश्रुका जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए विवेचना जारी है।

# कीर्ति नगर रहवासियों ने कॉलोनी में समस्याओं को लेकर जनसुनवाई में दिया आवेदन

**नीमच।** मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय जनसुनवाई में शहर के महू रोड़ के समीप स्थित कीर्ति नगर कॉलोनी के रहवासियों ने अपनी मूलभूत सुविधा सड़क, बिजली, पानी सहित अन्य मांगों के निराकरण को लेकर कलेक्टर दिनेश जैन को आवेदन दिया ।जिसमें बताया गया कि उक्त कीर्ति नगर कॉलोनी में 4 इंच की पाइपलाइन डाली हुई है, जिसके कारण घरों में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिसे बढ़ाकर बड़ी पाइप लाइन डाली जाए। कॉलोनी वासियों ने बताया कि कीर्ति नगर में स्थित सड़क जो काफी जर्जर होकर गड्ढे भरी हो गई है, जिसका भी निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से करवाया जाए। जबकि कॉलोनी में सीसी रोड का टेंडर भी लम्बे समय पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा पास कर दिया है। और कार्य को मंजूरी दे दी है परंतु अभी तक सड़क



निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। जिसको लेकर कॉलोनी निवासीयो ने नगर पालिका व जिला प्रशासन को कई बार अवगत करवाया गया हैं। परंतु कोई सुनवाई नही हो रही हैं। कॉलोनी में एकमात्र बगीचा स्थित है, जिसकी भी हालत काफी खराब है बगीचे में कटीली झाड़ियां के अतिरिक्त गंदगी व्याप्त है। रहवासियों ने मांग की है कि बगीचे में विकास कार्य कर बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों के उपयोग हेतु बनाया जाए। कीर्ति नगर से मऊ रोड को जोड़ने वाला एकमात्र मार्ग जो की काफी सकड़ा व कच्चा होकर उसमें काफी कीचड़ भरा है। साथ ही स्कूल बस भी इसी कच्चे रास्ते से आती जाती है। जिससे कॉलोनी वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगरपालिका द्वारा उक्त रास्ते का भी टेंडर निकाला गया था। किंतु किसी कारणवश सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। कॉलोनी वासियों ने अपनी समस्याओं के निराकरण की मांग की है और एक माह का अल्टीमेटम नगर पालिका व जिला प्रशासन को अपनी समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर दिया है। जिसमे कॉलोनी वासियों ने चेतावनी दी हैं कि कॉलोनी के समीप स्थित मुख्य मार्ग पर चक्का जाम किया जाएगा। जिसकी समस्त जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौपने के दौरान मनोज गोपावत, संजय शर्मा, संजय प्रजापति,अनिल पॉपुलर, दीपू सोलंकी,जगदीश पाटीदार, विजय, सहित अन्य रहवासी उपस्थित रहे।

# इस नये साल में सभी ग्राम पंचायतों की रक्तदान में सहभागिता का प्रयास करेंगे- श्री जैन

**कलेक्टर ने भोलियावास में रक्तदान दाताओं का किया सम्मान**

नीमच। नीमच नेत्रदान के साथ ही रक्तदान एवं अन्य परोपकारी कार्यो के लिए पहचाना जाता है। टीम जीवनदाता भी परोपकार एवं आमजनों के जीवन बचाने के पुनित कार्य में जुटी हुई है। यह टीम रक्तदान के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रही है। नये साल की शुरूआत रक्तदान शिविर से कर, टीम जीवनदाता ने पुनित कार्य किया है।



यह बात कलेक्टर दिनेश जैन ने मंगलवार को ग्राम भोलियावास में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान दाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए। इस मौके पर एसडीएम डॉ.ममता खेडे, रेडक्रॉस के सत्येद्र सिह राठौड, वेदांता रुप के देवीलाल राठौर, टीम जीवनदाता के राहुल धाकड, लाभचंद तिवारी, देवीलाल राठौर, सुरेश धाकड,पन्नालाल धाकड सहित ग्रामीणजन एवं रक्तदाता उपस्थित थे।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने गांव के समीप स्थित आवासीय क्षेत्र को आबादी क्षेत्र घोषित करने और मुख्य सडक से छात्रावास तक सीसीरोड बनवाने की मांग भी कलेक्टर से की। शिविर में उत्साहपूर्वक युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

भोलियावास की दिव्यांग सुरेखा ने भी शिविर में पहुंचकर, स्वैच्छिक रक्तदान किया। कलेक्टर श्री जैन ने भोलियावास रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदान दाताओं, युवाओंसे चर्चा कर, उनका उत्साहवर्धन भी किया।

# लर्निंग, लेबर एण्ड लीडरशिप महिला सशक्तिकरण हेतु तीन महत्वपूर्ण स्तम्भ है- डॉ कपिल गुप्ता




**नीमच।** महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को निर्णय, शक्ति एवं नेतृत्व में अधिकार देना आवश्यक है। इस हेतु शिक्षा, कौशल विकास एवं सूक्ष्म वित्त के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ानी होगी। उक्त उद्गार जौहान्सबर्ग विश्वविद्यालय, दक्षिण अफ्रीका के प्रोफेसर डॉ. कपिल गुप्ता ने श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच में एक विशिष्ट व्याख्यान में व्यक्त किये। श्री गुप्ता ने सतत् विकास के लिए महिला सशक्तिकरण विषय पर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विकासशील देशों को सर्वांगीण विकास करने के लिए मानव विकास के चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों - शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्णय क्षमता एवं समावेश से लिंग असमानता को तेजी से समाप्त करने की जरूरत है।

सतत् विकास के लिए लिंग समानता के साथ सभी महिलाओं को जीवन एवं अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र में सशक्त बनाना अति आवश्यक है। मानव विकास सूचकांक में भारत विश्व की रैंकिंग में 132वें स्थान पर तथा प्रसन्नता सूचकांक में 125वें स्थान पर आता है। विकास में महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत सरकार का महिला एवं बाल विकास मन्त्रालय सराहनीय कार्य कर रहा है। यूएनओ के मार्गदर्शन में विभिन्न देशों की सरकारें महिला कौशल विकास एवं सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए शोध, नवाचार, वित्तीय फण्ड के साथ नई आर्थिक एवं महिला नीति पर कार्य कर रही है। भारत में भी स्वच्छ भारत, स्मार्ट सिटी, मेक इन इण्डिया, स्टार्टअप इण्डिया, डिजिटल इण्डिया, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनाएं आरम्भ की जा चुकी है।

व्याख्यान के प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एनके डबकरा ने अतिथि वक्ता के लिए स्वागत भाषण देते हुए उनका परिचय एवं उपलब्धियां को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी। प्रश्नोत्तर काल में कई छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने अतिथि वक्ता से प्रश्न पुछकर अपनी जिज्ञासाओं को शान्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो हीरसिंह राजपूत ने किया तथा आभार वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ प्रतिभा कालानी ने माना।



**Welcome 2024**




# वन विभाग ने मोड़ेश्वर महादेव नदी से 5 फिट लम्बे मगरमच्छ का रेस्क्यू किया







**सिंगोली। पटियाल पंचायत अंतर्गत धोगवा के निकट मोडेश्वर महादेव मंदिर के पास नदी में 5 फीट लंबा मगरमच्छ नदी में घुमते हुऐ भोजन की तलाश में सुखे क्षैत्र में घुम रहा था मगरमच्छ को जैसे ही सोमवार महादेव दर्शन को पहुंचे भक्तों ने दोपहर 3 बजे देखा तो वन विभाग को सूचना दी।**

जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची ग्रामीणों ने बताया की मगरमच्छ नदी में बने गड्ढे के पानी में कई दिनों से लुका छिपी कर अठखेलियाँ कर रहा था।

जब महादेव मंदिर पर सोमवार भक्त पहुंचे तो उनकी सुखे में घुमते मगरमच्छ पर नजर पड़ी भक्तों ने आसपास के लोगों को बुलाया और फिर इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ मगरमच्छ का रेस्क्यू किया।

रेस्क्यू में वन विभाग की टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। वन विभाग की टीम ने रस्सियों की मदद से मगरमच्छ को बांध ऊपर खींचा इसके बाद लकड़ियों से मगरमच्छ को बांधकर चंबल नदी ले जा कर सुरक्षित छोड़ दिया गया।

इस रेस्क्यू में वन विभाग टीम से बापूलाल दायना डिप्टी रेंजर सिंगोली भूपेंद्र बैरागी, अमित जैन एवं शुभम सुथार , रतन लौहार आदि ग्रामीण जन उपस्थित थे।



Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# Paush Month Vrat Tyohar 2024:

# जानें, पौष माह में पड़ने वाले व्रत-त्योहारों की सूची एवं तिथि

**पौष माह को पूस का महीना भी कहा जाता है। पौष माह में भगवान सूर्यदेव और पितरों की पूजा करने का विधान है। इस बार पौष माह 27 दिसंबर से शुरू होकर अगले साल 25 जनवरी को समाप्त होगा। इस माह में सफला एकादशी संकष्टी चतुर्थी मासिक शिवरात्रि प्रदोष व्रत पौष अमावस्या जैसे महत्वपूर्ण व्रत और त्योहार पड़ रहे हैं।**



**धर्म डेस्क**

**नई दिल्ली।** हिंदू कैलेंडर के अनुसार, दसवें माह को पौष माह कहा जाता है। मार्गशीर्ष पूर्णिमा के बाद इस माह की शुरुआत होती है। पौष माह को पूस का महीना भी कहा जाता है। पौष माह में पितरों और भगवान सूर्यदेव की पूजा करने का विधान है। धार्मिक मत है कि पौष माह में भगवान सूर्य देव की पूजा करने से साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस बार पौष माह 27 दिसंबर से शुरू होकर 25 जनवरी को समाप्त होगा। इस माह में सफला एकादशी, संकष्टी चतुर्थी, मासिक शिवरात्रि, प्रदोष व्रत, पौष अमावस्या जैसे महत्वपूर्ण व्रत और त्योहार पड़ रहे हैं। चलिए जानते हैं पौष माह में पड़ने वाले सभी व्रत-त्योहारों के तिथि के बारे में।

**पौष माह का महत्व**

पौष माह में भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना करने का विधान है। इस माह में सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करते हैं, जिसकी वजह से मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। मान्यता है कि पौष माह में पूर्वजों को पिंडदान करने से उन्हें बैकुंठ की प्राप्ति होती है। साथ ही पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है। धार्मिक मत है कि इस माह में भगवान सूर्य देव को जल अर्पित करने से तेज, बल, बुद्धि और धन की प्राप्ति होती है। इस माह में गरीब लोगों को गर्म कपड़े समेत आदि चीजों का दान करना चाहिए।

**पौष माह के त्योहार और व्रत की लिस्ट**

30 दिसंबर-संकष्टी गणेश चतुर्थी
01 जनवरी-अंग्रेजी नववर्ष का प्रारंभ
03 जनवरी- मासिक कृष्ण जन्माष्टमी
04 जनवरी- कालाष्टमी
07 जनवरी- सफला एकादशी
09 जनवरी-प्रदोष व्रत और मासिक शिवरात्रि
11 जनवरी-पौष अमावस्या
14 जनवरी-विनायक चतुर्थी और लोहिड़ी
15 जनवरी-मकर संक्रांति
16 जनवरी-बिहू और स्कंद षष्ठी
17 जनवरी-गुरु गोबिन्द सिंह जयन्ती
18 जनवरी-मासिक दुर्गाष्टमी
20 जनवरी-मासिक कार्तिगाई
21 जनवरी- तैलंग स्वामी जयन्ती और पुत्रदा एकादशी
22 जनवरी- कूर्म द्वादशी
23 जनवरी-सुभाष चन्द्र बोस जयंती
23 जनवरी-प्रदोष व्रत है।
25 जनवरी-पौष पूर्णिमा

## World Introvert Day 2024: कब और किसने की थी इस दिन की शुरुआत और क्या है इसे मनाने का मकसद?

**नई दिल्ली।** World Introvert Day 2024: जनवरी की 2 जनवरी का दिन अंतर्मुखी स्वभाव वाले व्यक्तियों को समर्पित है। दुनियाभर में 2 तारीख को वर्ल्ड इंट्रोवर्ट डे दिवस मनाया जाता है। जिसका मकसद अंतर्मुखी लोगों की दुनिया से बाकी लोगों को परिचित कराना कराना है। कई बार लोग इंट्रोवर्ट होने को किसी विकार की तरह देखते हैं, जो गलत है ये बस एक स्वभाव है। इस दिन को मनाने के पीछे ये संदेश भी लोगों तक पहुंचाना है, तो ऐसे लोगों को अलग-थलग करने के बजाय उनकी भावनाओं को समझना जरूरी है।

**वर्ल्ड इंट्रोवर्ट डे का इतिहास**

इस दिन को मनाने का श्रेय जानी-मानी जर्मन साइकोलॉजिस्ट और राइटर फेलिसिटास हेने को जाता है। इस दिन को मनाने की शुरुआत आज ही के दिन साल 2011 में हुई थी। फेलिसिटास हेने ने इस दिवस के जरिए इंट्रोवर्ट लोगों की खासियत के बारे में दूसरे लोगों को जागरुक करने का प्रयास किया था। कई लोगों को ऐसा लगता है कि अंतर्मुखी लोग अजीब होते हैं, तो वहीं कुछ लोग इसे किसी बीमारी की तरह ट्रीट करते हैं। यही गलतफहमियां दूर करने और उनके प्रति होने वाले भेदभाव को मिटाने के मकसद से इस दिन की शुरुआत हुई थी।

**कौन हैं फेलिसिटास हेने?**

फेलिसिटास हेने का जन्म जर्मनी में 28 दिसंबर 1966 में हुआ था। इन्होंने मनोवैज्ञानिक मुद्दों पर अब तक कई किताबें लिखी हैं। वो और भी दूसरे फ्लेटफॉर्म पर अपनी राय रखती हैं। हेने अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन की एक अहम सहयोगी और जर्मन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन की सदस्य भी हैं।

## साल 2024 आपके लिए कितना लकी होने जा रहा है, जानें अपना वार्षिक राशिफल




**Rashifal 2024: मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक,धनु, मकर, कुंभ, मीन राशि वालों के लिए 2024 कैसा रहेगा? यहां पढ़ें संक्षिप्त राशिफल 2024.**

### सभी 12 राशियों का वार्षिक राशिफल 2024

Rashifal 2024: राशिफल 2024 मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक,धनु, मकर, कुंभ, मीन राशि वाले जातकों के लिए धन,शिक्षा, करियर, वैवाहिक जीवन, लव लाइफ सेहत, जॉब आदि को लेकर कैसा रहेगा, ग्रहों की चाल इस नए साल में आपके लिए क्या लेकर आ रही है, जानते हैं विख्यात ज्योतिषाचार्य से आपका वार्षिक राशिफल 2024-

**मेष राशिफल ( Mesh Rashifal २०२४ )**

फैमिली, लव लाइफ और रिश्ते नातों की बात करें तो ये साल एवरेज से ज़्यादा अच्छा रहने की उम्मीद है. स्टूडेंट्स और लर्नर्स के लिए करियर निर्माण के लिए पूरे वर्ष बढ़िया योग रहेंगे. सेहत और यात्रा के नज़रिए से ये साल सामान्य रूप से फलदायक लग रहा है.

**वृषभ राशिफल ( Vrishabh Rashi 2024 )**

साल की शुरूआत में गुरू की अष्टम भाव पर दृष्टि होने से स्वयं का बिज़नेस रिलेटेड करने के इच्छुक हैं उनके लिये भी यह वर्ष अच्छा रहेगा. आप अपने एबिलिटी का, अपनी स्किल्स का भरपूर प्रयोग कर इस बेहतर साल में मिलने वाले अवसरों का लाभ आप उठा सकते हैं. इस समय आप स्वयं को साबित कर सकते हैं.

**मिथुन राशिफल ( Mithun Rashifal 2024 )**

साल की शुरूआत से 30 अप्रैल तक गुरू की सातवीं दृष्टि पंचम भाव पर होने से इस साल आपकी पाजिटिविटी बहुत हाई लेवल पर रहेगी जिससे आपका हरेक तरह की प्रतियोगिता के लिए मोरल बूस्ट रहेगा और आपके सफल जीवन की इस मजबूत नींव पर शानदार इमारत बनना आरंभ हो सकेगी.

**कर्क राशिफल ( Kark Rashifal 2024 )**

गुरू की नौवीं दृष्टि पंचम भाव पर होने से नए साल 2024 की पहली छमाही में हेल्थ में थोड़ा सा उतार-चढ़ाव रह सकता है, पर सेकंड हाफ आपकी सेहत में हर तरह से सुधार लाएगा. फ़िज़ूल टेंशन हो सकती है, जिस से बचके रहिएगा.

**सिंह राशिफल ( Singh Rashifal 2024 )**

साल 2024 इस राशि के स्टूडेंट्स और लर्नर्स के लिए पिछले साल की तुलना में अधिक सफलता देने वाला और सामान्य से बढ़िया रह सकता है, बशर्ते मेहनत की जाए. सेहत और यात्रा के लिहाज़ से इस साल पूरी तरह से सावधान रहते हुए ही आगे बढ़ते रहना होगा.

**कन्या राशिफल ( Kanya Rashifal 2024 )**

18 जनवरी से 11 फरवरी तक गुरु-शुक्र नवम-पंचम राजयोग रहेगा और 11 फरवरी से 7 मार्च तक शुक्र का सप्तम भाव से 3-11 संबंध रहेगा, जिसके कारण पारिवारिक जीवन, प्रेम और प्रेम की बात करें तो साल के शुरुआती महीनों में रिश्ते-नाते, परिवार में परेशानियां रहेंगी. ख़ुशी का माहौल बन सकता है, जो साल की पहली तिमाही तक अपना रंग दिखाता रहेगा.

**तुला राशिफल ( Tula Rashifal 2024 )**

14 जनवरी से 13 फरवरी तक सूर्य की सातवीं दृष्टि दशम भाव से होने से साल 2024 में है यदि आपने अपनी नौकरी या प्रोफेशन में प्रमोशन की उम्मीद लगा रखी हैं, तो इस साल आपके सपने सच हो सकते हैं.

**वृश्चिक राशिफल ( Vrishchik Rashi 2024 )**

18 जनवरी से 11 फरवरी तक गुरू-शुक्र का नवम-पंचम राजयोग रहेगा जिससे साल 2024 परिवार के लिहाज़ से इस साल ज़िन्दगी में सुख, शांति और समृद्धि में वृद्धि होगी. रिश्तों में आपसी समझ और पारदर्शिता से अधिक बेहतर बना सकते हैं.

**धनु राशिफल ( Dhanu Rashifal 2024 )**

14 जनवरी से 13 फरवरी से तक सूर्य का दशम भाव से नवम-पंचम राजयोग रहेगा जिससे आजीविका के नज़रिए से साल 2024 की शुरुआत से ही नौकरी में अच्छे मौके मिलने लगेंगे.

**मकर राशिफल ( Makar Rashifal 2024 )**

07 जनवरी से 01 फरवरी तक 3-11 पर बुध-शनि का संबंध रहेगा जिसके कारण वर्ष 2024 आपके लिए उतनी ही सफलता का वर्ष रहने वाला है जितनी आप मेहनत करेंगे. शिक्षा, मेडिकल इवेंट मैनेजमेंट, फैशन, कोरियोग्राफी, एनीमेशन, मीडिया संबंधित व्यवसाय में प्रदर्शन अच्छा रह सकता है.

**कुंभ राशिफल ( Kumbh Rashifal 2024 )**

वर्ष की शुरुआत से 5 फरवरी तक मंगल की अष्टम दृष्टि छठे भाव पर है, इसलिए वर्ष 2024 आपके लिए काम करने की मशीन बनता नजर आ रहा है. इस नए साल में आपके काम भाग्य से ज्यादा आपके प्रयासों के बल पर पूरे होंगे.

**मीन राशिफल ( Meen Rashifal 2024 )**

साल की शुरुआत से 30 अप्रैल तक सप्तम भाव से बृहस्पति का षडाष्टक दोष रहेगा जिसके कारण कमाई तो होगी लेकिन दिखावा और फिजूलखर्ची आपको नुकसान पहुंचा सकती है.

ऐसी जगह निवेश करने से बचें जहाँ आपको कुछ खास न मिले और इसके लिए आपको संबंधित क्षेत्र का अध्ययन करना होगा और निकटतम और प्रिय लोगों से भी सलाह लेनी होगी।

# भारत के लिए खास है साल 2024, इन कारणों से दुनिया में दम दिखाएगा 'न्यू इंडिया'

***Year 2024 E&pectations** संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भी यह संभावना जताई गई है कि भारत में घरेलू मांग मजबूत होने से साल 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।*

**भारत के लिए खास है साल 2024, इन कारणों से दुनिया में दम दिखाएगा 'न्यू इंडिया'**
**नया साल विदेशी निवेश के लिए भी अच्छी सौगात लेकर आ सकता है।**




**इंदौर।** साल 2023 विदा ले चुका है और साल 2024 नई उम्मीदों और विश्वास के साथ दस्तक दे चुका है। बीते साल 2023 में जहां भारत ने जी-20 और चंद्रयान-3 जैसी कई सफलताओं का परचम लहराया था। बीते साल भारत ने मोटे अनाज को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। 77वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित करते हुए देश को दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का श्रेय 140 करोड़ लोगों के प्रयासों को दिया था।

**साल 2024 में होंगे लोकसभा चुनाव**

इस साल लोकसभा चुनाव होने वाले हैं और ऐसे में यदि मोदी सरकार फिर सत्ता में लौटती है तो यह देखना दिलचस्प होगा कि मोदी सरकार के पिटारे में से देश के लिए क्या नया निकलने वाला है। दूसरी ओर विपक्ष को एक बार फिर जनता ताज पहनाती है तो वह किस तरह अपने वोटरों की उम्मीदों पर खड़ी उतरेगी।

**साल 2024 में अलग-अलग क्षेत्रों में ये उम्मीदें**

फिलहाल मोदी सरकार भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने पर %अमृत काल% अभियान चला रही है और भारत को 2047 तक %विकसित भारत% बनाने के लक्ष्य को लेकर काम कर रही है। मोदी सरकार ने भरोसा जताया है कि सभी परेशानियों को पार पाकर देश सफलतापूर्वक देश अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेगा। देश की आर्थिक स्थिति की बात की जाए तो भारत में बढ़ता मध्यम वर्ग और घटती गरीबी विकास में अहम भूमिका निभाएगा। गरीबी से उभर रहे लोग नए-मध्यम वर्ग का हिस्सा बन रहे हैं। ऐसे में देश की उपभोग वृद्धि (consumption growth) को चलाने वाली एक बड़ी ताकत हैं।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भी यह संभावना जताई गई है कि भारत में घरेलू मांग मजबूत होने से साल 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। भारत दुनिया की तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में अव्वल रहेगा। लेकिन इस साल भी ऊंची ब्याज दरों और कमजोर बाहरी मांग के कारण निवेश और निर्यात प्रभावित हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की आर्थिक वृद्धि (मजबूत) बनी रहेगी, लेकिन कुछ चुनौतियां भी आ सकती है।

**इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर पर फोकस**

इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में नए साल में रेलवे सेक्टर को मजबूत करने का सरकार का फोकस रहेगा। रेलवे एसेट्स के सुधार और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के साथ-साथ नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत, रेलवे स्टेशनों का पुनर्निर्माण और नई रेलवे पटरियां बिछाने से विकास को गति मिलेगी। इस सभी प्रयासों से देश में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को काफी प्रोत्साहन मिलेगा।

**रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कठोर कदम**

रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी साल 2024 में कई कदम उठाए जा सकते हैं। रेल मंत्रालय ने भारतीय रेलवे पर स्टेशनों के रिनोवेशन के लिए %अमृत भारत स्टेशन योजना% शुरुआत की है। गौरतलब है कि अमृत भारत स्टेशन स्कीम को फरवरी, 2023 में लांच किया गया था। इस योजना के तहत 1300 रेलवे स्टेशनों को नया रूप दिया जा रहा है। स्टेशन पहुंच, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय को अत्याधुनिक बनाया जा रहा है।

**बढेगा विदेशी निवेशकों का भरोसा**

नया साल विदेशी निवेश के लिए भी अच्छी सौगात लेकर आ सकता है। विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार पर भरोसा बीते कुछ सालों में लगातार बढ़ रहा है। साल 2024 में देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ने की भी संभावना है।

**साल 2024 से क्या है सामाजिक उम्मीद**

सामाजिक उम्मीदों की बात की जाए तो साल 2024 किस पार्टी की सरकार बनेगी। इस बात पर यह निर्भर करेगा। मोदी सरकार फिर सत्ता में आती है तो युवाओं को कुशल बनाने से लेकर महिलाओं के सशक्तिकरण पर फोकस रहेगा। वहीं, दूसरी ओर उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना को और अधिक बल दिया जाएगा। सभी की सेहत के लिए आयुष्मान भारत योजना को भी सरकार प्रोत्साहन देगी। इन सभी योजनाओं को अपडेट किया जा सकता है।

**कैसी रहेगी साल 2024 की राजनीति**

बीते साल नए संसद भवन में देश की राजनीति की एक नई शुरुआत हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2020 में नए संसद भवन की आधारशिला रखी थी। 3 साल में नया संसद भवन बनकर तैयार हो गया था और विधिवत उद्घाटन के बाद इसमें काम भी शुरू हो गया है। बीते साल में भाजपा ने जहां मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ की जीत हासिल कर सत्ता का सेमीफाइनल जीत लिया और भाजपा 2024 के फाइनल जीतने की रणनीति तैयार कर रही है। भाजपा साल 2024 में लोकसभा चुनाव जीतती है तो मोदी सरकार की लगातार तीसरी जीत होगी। जीत के साथ-साथ ही सरकार अपने वादों पर कितनी खड़ी उतरती है यह देखना भी दिलचस्प होगा।

**इन 10 फैक्ट्स पर नजर**

साल 2023 में त्20 सम्मेलन की सफलता भारत के लिए बेहद खास रही थी। त्-20 अध्यक्षता के जरिए भारत ने दुनिया के सबसे प्रभावशाली, शक्तिशाली और परिणामी देशों की मेजबानी की। भारत वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा। अब भारत ब्रिटेन को पछाड़कर 5 वें स्थान पर पहुंच गया। अब इस साल यह नजर होगी कि भारत इस पायदान से ऊपर कब पहुंचेगा।

तकनीकी उन्नति और नवाचार में भी भारत ने बीते साल 2023 में परचम लहराया। भारत इस साल भी सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनकर उभर सकता है।

स्श्वत्रश्1द्वठ्ठस्त्रद्बड्ड के आंकड़ों के मुताबिक, डिजिटल भुगतान के मामले में भारत दुनिया में टॉप पर है और 89.5 मिलियन ट्रांसजेक्शन रिकॉर्ड किए गए हैं।

वायुसेना ने अग्निपथ योजना को सफलतापूर्वक लागू कर दिया है। अग्निवीर वायु से संबंधित डेटा के डिजिटलीकरण में सबसे आगे रही है। वित्तीय वर्ष (वित्त वर्ष) 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया। देश रक्षा क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रक्षा निर्यात लगभग 15 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा है। वित्त वर्ष 2022-23 का बजट 16,000 करोड़ रुपए तक था, जो पहले की तुलना में 3,000 करोड़ अधिक है।

सरकार ने बाजरा ( बाजरा/ज्वार/रागी) को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में शामिल किया गया था। भारत के इस प्रस्ताव को 72 देशों का समर्थन हासिल हुआ। संयुक्त राष्ट्र महासभा (ह्वठ्ठ) ने साल 2023 को अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में घोषित किया था।

भारत ने जुलाई में संयुक्त अरब अमीरात के साथ रुपरए के निपटान के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और तत्काल इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (IOC) ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी ) से 10 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद के लिए भारतीय रुपए में पेमेंट किया। रूसी तेल आयात का कुछ हिस्सा भी रुपए में तय किया गया है।

ISRO के लिए साल 2023 कई उपलब्धियों भरा रहा। चंद्रयान-3 के बाद दूसरी बड़ी सफलता आदित्य एल-1 की सफल लॉन्चिंग रही। इसके बाद साल 2024 के पहले ही दिन इसरो ने ब्लैक होल की जांच के लिए XPoSat की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग की।

# नए साल की अच्छी और बेहतर शुरुआत के लिए अपनों को दें ये यूजफुल गिफ्ट्स

**2024 न्यू ईयर पर पार्टी करने जश्न मनाने के साथ लोग एक-दूसरे को गिफ्ट्स भी देते हैं। गिफ्ट आपसी प्यार और अपनेपन को जाहिर करने का बेहतरीन जरिया होते हैं। सस्ता और छोटा सा गिफ्ट भी आपने बॉन्ड को स्ट्रॉन्ग बनाने का काम करता है। अगर आप भी इस मौके पर अपने किसी खास को देने के लिए गिफ्ट्स ढूंढ़ रहे हैं तो ये रहे इसके बेहतरीन ऑप्शन्स।**

लाइफस्टाइल डेस्क, नई दिल्ली। 2024 नया साल अपने साथ उम्मीद की नई किरण लेकर आता है। इसे लेकर हर किसी में एक अलग ही उमंग और उत्साह रहता है। हर कोई इस दिन को अपने-अपने तरीके से सेलिब्रेट करता है। कोई ट्रिप पर निकल जाता है, तो कोई छुट्टी लेकर फुल रेस्ट करने पर बिलीव करता है, कोई पार्टी में डूबकर मस्ती करना चाहता है, तो कोई ये दिन अपनों के साथ सुकून से बिताना पसंद करता है।

कुछ सालों पहले तक नए साल पर लोग अपने खास दोस्तों-रिश्तेदारों को कार्ड के जरिए नए साल की बधाई देते थे। कार्ड में एक अच्छा सा मैसेज होता है और लोग इससे अपने बॉन्ड को कनेक्ट कर पाते थे, लेकिन जैसे-जैस समय बदला इस ट्रेंड में भी बदलाव देखने को मिले। अब ऑनलाइन ही लोग अपने नियर एंड डियर वन्स को ग्रीटिंग्स, कार्ड्स और विशेज भेज देते हैं।जो बेशक एक आसान जरिया है अपनों तक शुभकामना संदेश पहुंचाने का, लेकिन इससे लोग बहुत ज्यादा कनेक्ट फील नहीं करते।

ऐसे में एक दूसरा ऑप्शन है जिसके जरिए आप अपनों के प्रति प्यार और अपनेपन का एहसास करा सकते हैं वो है बढ़िया सा गिफ्ट देकर। बढ़िया और यूजफुल गिफ्ट देकर आप उनके आने वाले साल को बना सकते हैं यादगार।

**फिटनेस गैजेट्स**

अपने किसी खास को आप कोई अच्छा सा फिटनेस गैजेट्स दे सकते हैं। कई बार लोगों को फिटनेस के लिए मोटिवेट करने की जरूरत होती है। स्योर आपका ये गिफ्ट यूजफुल साबित होगा। फिर चाहे वो स्मार्ट वॉच हो, जंपिंग रोप हो, ऑल इन वन डंबल हो, वजन नापने वाली मशीन हो, मेटाबॉलिज्म ट्रैकर हो या फिर स्मार्ट वॉटर बॉटल। हर एक चीज़ बहुत काम की है।

**ट्रैवल एक्सेसरीज़**

अगर आपके रिलेटिव्स या दोस्तों में कोई घूमने का बेहद शौकी है, तो आप उसे नए साल पर कोई यूजफुल ट्रैवल एक्सेसरीज़ गिफ्ट कर सकते हैं। इसमें पोर्टेबल चार्जर, पावर एडप्टर, पोर्टेबल स्टीमर, ई रीडर, नेक पिलो, रियूजेबल वॉटर बॉटल्स, पासपोर्ट होल्डर जैसी कई काम की चीजें शामिल हैं।

**स्किन केयर प्रोडक्ट्स**

स्किन केयर को लेकर बहुत ज्यादा अवेयर रहने वाले लोगों के लिए आपको बहुत ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं। उन्हें आप आप स्किन केयर से जुड़ा कोई भी प्रोडक्ट देंगे, तो स्योर वो उसे अच्छी तरह से यूज करेंगे।



# John Abraham ने नए साल पर मुंबई में खरीदा आलीशान घर, कीमत जानकर उड़ जाएंगे होश

**John Abraham New Home अभिनेता-निर्माता जॉन अब्राहम ( John Abraham ) ने मुंबई के पॉर्श इलाके यानी खार में अपना नया घर खरीदा है । कहा जा रहा है एक्टर का ये घर खार के लिंकिंग रोड के सामने 13138 वर्ग फुट का ग्राउंड प्लस में है । जॉन द्वारा खरीदे गए लैंड का एरिया 7 हजार 722 स्कवॉयर फुट है ।**



**एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली। John Abraham New Home:** बॉलीवुड सितारे अपनी फिल्मों के साथ-साथ आलीशान जिंदगी के लिए भी जाने जाते हैं। गाड़ी से लेकर इन सेले□स के पास आलीशान बंगले होते हैं।

बीते साल अनन्या पांडे से लेकर प्रीति जिंटा समेत कई लोगों ने मुंबई में नया घर खरीदा था। वहीं अब नए साल के मौके पर जॉन अब्राहम ने नया घर खरीदा है।

**खार में खरीदा नया घर**

अभिनेता-निर्माता जॉन अब्राहम ने मुंबई के पॉर्श इलाके यानी खार में अपना नया घर खरीदा है। कहा जा रहा है ए□टर का ये घर खार के लिंकिंग रोड के सामने 13,138 वर्ग फुट का ग्राउंड प्लस में है। ये प्रॉपर्टी प्रवीण नाथलाल शाह एंड फैमिली की थी। बता दें, ए□टर ने साल 2009 में उन्होंने एक पारसी फैमिली रतनशास से पेटिट स्कूल के पास यूनियन पार्क में एक प्राइम प्लॉट खरीदा था।

**करोड़ों में इस घर की कीमत**

हिंदुस्तान टाइ□स की रिपोर्ट के मुताबिक, ए□टर ने 27 दिसंबर 2023 को 71.8 करोड़ रुपये के एग्रीमेंट पर साइन किया था। स्टांप ड्यूटी के तौर पर 4.25 करोड़ रुपये एडिशनल पे किए गए थे। जॉन द्वारा खरीदे गए लैंड का एरिया 7 हजार 722 स्कवॉयर फुट है। जबकि बंगले का एरियर 5,416 वर्ग फुट है। जॉन की ये नई प्रॉपर्टी 372 निर्मल भवन, एक ग्राउंड-प्लस-दो मंजिला कंस्ट्र□शन है।

**जॉन अब्राहम वर्क फ्रंट**

जॉन अब्राहम के वर्क फ्रंट की बात करें तो ए□टर शाह रुख खान की फिल्म 'पठान' में नजर आए थे। फिल्म में जॉन ने निगेटिव रोल प्ले किया था और उनके किरदार को काफी पसंद भी किया गया था। इसके अलावा ए□टर के पास इस साल कई अपकमिंग प्रोजे□ट्स हैं।

## Bade Miyan Chote Miyan:

# अक्षय-टाइगर ने 2024 के लिए कसी कमर, न्यू ईयर पर जारी किया बड़े मियां छोटे मियां का पोस्टर

**Bade Miyan Chote Miyan New Poster अक्षय कुमार ने अपने फैंस को न्यू ईयर विश किया है लेकिन थोड़ा अलग ढंग से। नए साल के मौके पर एक्टर ने बड़े मियां छोटे मियां वाला अंदाज चुना। अक्षय कुमार ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर बड़े मियां छोटे मियां का नया पोस्टर जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने न्यू ईयर विश भी लिखी।**



**एंटरटेनमेंट डेस्क**

**नई दिल्ली।** *साल 2024 में अक्षय कुमार मल्टीपल प्रोजेक्ट्स लेकर आ रहे हैं। इस साल उनकी कई फिल्में रिलीज के लिए पाइप लाइन में हैं। इस लिस्ट में बड़े मियां छोटे मियां का नाम भी शामिल है। अक्षय कुमार ने नए साल के मौके पर फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया है।*

अक्षय कुमार ने 1 जनवरी को अपने फैंस को न्यू ईयर विश किया। एक्टर ने इसके लिए बड़े मियां छोटे मियां वाला अंदाज चुना।

**रिलीज किया फिल्म का नया पोस्टर**

अक्षय कुमार ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर बड़े मियां छोटे मियां का नया पोस्टर जारी किया। पोस्टर में अक्षय, टाइगर श्रॉफ के साथ जेट स्कीइंग करते हुए फुल एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं।

**या बोले खिलाड़ी कुमार ?**

अक्षय कुमार ने पोस्ट के कैप्शन में न्यू ईयर विश करते हुए कहा, आपका नया साल बड़ा बने, छोटी छोटी खुशियों से।

बड़े मियां छोटे मियां की तरफ से हैप्पी न्यू ईयर। थिएटर्स में मिलने के लिए 2024 की ईद बुक करना न भूले। चलिए 2024 में धमाल मचाते हैं।

**कब रिलीज होगी फिल्म ?**

बड़े मियां छोटे मियां के रिलीज की बात करें तो ये मच अवेटेड फिल्मों की लिस्ट में शामिल है। फिल्म साल 2024 में ईद के मौके पर रिलीज की जाएगी।

बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है।

**कौन-कौन है फिल्म में शामिल ?**

बड़े मियां छोटे मियां में जबरदस्त एक्शन सीन देखने को मिलेगा। फिल्म के कई स्टंट सीन्स को हॉलीवुड के एक्शन एक्सपर्ट की टीम के साथ शूट किया गया है।

हीं, स्टार कास्ट की बात करें, तो बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं।

# गेहूं की जगह खाएं नारियल के आटे की रोटी, डायबिटीज के साथ कंट्रोल होगा वजन

**Coconut Flour Benefits अधिकतर घरों में रोटी बनाने के लिए गेहूं के आटे का उपयोग किया जाता है। यह आटा फाइबर और कार्बोहाइड्रेट का अच्छा सोर्स है लेकिन नारियल का आटा इससे भी ज्यादा फायदेमंद होता है। इसमें कार्ब्स की मात्रा कम होती है और ग्लाइसेमिक इंडेस कम होता है। यह डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत ही लाभदायक है।**

***HIGHLIGHTS***

**नारियल के आटे में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।**

**इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी कम होता है।**



लाइफस्टाइल डेस्क, नई दिल्ली। Coconut Flour Benefits: अक्सर लोग रोटी बनाने के लिए गेहूं के आटे का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्या आपने कभी रोटी बनाने के लिए नारियल के आटे का इस्तेमाल किया है? जी हां, इसमें फाइबर की मात्रा ज्यादा पाया जाता है। नारियल का आटा गेहूं के आटे से भी ज्यादा फायदेमंद होता है। नारियल को सुखा कर इसका आटा तैयार किया जाता है। लोग इसे खासकर बेकिंग के लिए उपयोग में लाते हैं, लेकिन आप इसका इस्तेमाल खाने में रोजाना कर सकते हैं। आइए जानते हैं नारियल के आटे के फायदे।

**वजन कम करने में मददगार**

नारियल के आटे में प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो पाचन को दुरुस्त रखता है साथ ही यह वजन घटाने में भी मदद करता है, इसे खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है जिससे भूख नहीं लगती और वजन भी नियंत्रित रहता है।

**एनर्जी मिलती है**

नारियल के आटे में हेल्दी फैट पाया जाता है, जो आपको दिनभर एनर्जी प्रदान करता है। इसे खाने से आपका कोलेस्ट्रोल लेवल भी नहीं बढ़ता और दिल की बीमारी भी दूर रहती है।

**ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने में सहायक**

नारियल के आटे में गेहूं के आटे की तुलना में कार्बोहाइड्रेट कम मात्रा में पाया जाता है यानी इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, इसे खाने से ब्लड शुगर लेवल नहीं बढ़ता।

**मसल्स ग्रोथ और स्ट्रेंथ**

नारियल के आटे में प्रोटीन पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, इससे मांसपेशियां मजबूत होती हैं।

**फ्री रेडिकल से बचाव**

नारियल के आटे में आयरन, कॉपर और मैंगनीज पाया जाता है जो शरीर को फ्री रेडिकल से बचाता है।

# क्या आपको भी अचानक से दिखाई देने लगता है धुंधला, जानें इससे राहत पाने के उपाय

**नई दिल्ली।** Eye Care Tips- शरीर को स्वस्थ रखने के लिए इसका ध्यान रखना बहुत जरूरी है, फिर चाहे हमारे बाल हो या फिर नाखून सबकी देखभाल करना आवश्यक है। शरीर के किसी भी अंग में समस्या हो जाए, तो यह हमारे लिए परेशानी का सबब बन जाता है। कई बार आंखों के सामने अचानक से धुंधलापन छा जाता है, इस समस्या को भूलकर भी अनदेखा न करें।

ऐसे में आज हम आपको इस आर्टिकल में आंखों में होने वाले धुंधलेपन से राहत पाने के उपाय बताएंगे। ज्यादा समय तक तेज रोशनी में काम करने से आंखों में धुंधलापन आ जाता है। मोबाइल या कंप्यूटर पर तेज रोशनी में काम करने की वजह से भी हो सकता है या फिर अन्य किसी कारण से भी, लेकिन अगर यह समस्या लगातार होती है, तो आंखों की रोशनी कम हो सकती है।



**मिश्री और सौंफ़**

मिश्री और सौंफ को बराबर मात्रा में लेकर इसे पीसकर चूर्ण बना लें और फिर रोजाना सुबह और शाम एक गिलास गर्म दूध के साथ पिएं। कुछ दिनों में ही आपको आराम महसूस होने लगेगा।

**गुलाब जल डालें**

आंखों के धुंधलेपन को दूर करने के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकते हैं। आंखों में गुलाब जल की दो-दो बूंदे डालें। यह आंखों को ठंडक पहुंचाता है और फिर धुंधलेपन से निजात भी मिलती है।

**पैर के तलवों की मसाज करें**

एक्यूप्रेशर चिकित्सा में पैरों के तलवों पर ही मसाज और पिन प्वाइंट दबाव के द्वारा अनेक तरह की बीमारियों का इलाज किया जाता है, इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले पैरों पर सरसों तेल से मालिश इससे आंखों के धुंधलेपन से मुक्ति मिलती है, साथ ही आंखों की रोशनी भी बढ़ती है।

**पैर के तलवों की मसाज करें**

एक्यूप्रेशर चिकित्सा में पैरों के तलवों पर ही मसाज और पिन प्वाइंट दबाव के द्वारा अनेक तरह की बीमारियों का इलाज किया जाता है, इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले पैरों पर सरसों तेल से मालिश इससे आंखों के धुंधलेपन से मुक्ति मिलती है, साथ ही आंखों की रोशनी भी बढ़ती है।

**आंवले का जूस है लाभदायक**

आंवला हमारी आंखों की रौशनी के लिए बहुत ही फायदेमंद है, ऐसे में आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए आंवले का जूस पी सकते हैं। इससे न सिर्फ आंखों का धुंधलापन कम होगा, बल्कि आंखों की रोशनी भी बढ़ेगी।


**Welcome 2024**




# वजन कम करना हो सकता है सेहत के लिए वरदान

**वजन बढ़ना न केवल आपके शारीरिक ब्लकि मानसिक सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। बॉडी वेट अधिक होने की वजह से कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है जिनमें दिल की बीमारियां और डायबिटीज भी शामिल हैं। इसलिए वजन कम करने से आपको कई फायदे मिल सकते हैं। जानें वजन कम करने को अपनी फिटनेस गोल्स में शामिल करने से क्या लाभ मिल सकते हैं।**

## जानें या हैं वेट लॉस के लाभ



**लाइफस्टाइल डेस्क, नई दिल्ली।** आपकी सेहत का सबसे बड़ा दुश्मन आपका बढ़ता वजन होता है। वजन बढ़ना एक ऐसी समस्या है, जिससे दुनियाभर में कई लोग परेशान हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक, दुनियाभर में लगभग 190 करोड़ लोग ओवरवेट हैं, जिनमें से 65 करोड़ लोग मोटापे का शिकार हैं। हालांकि, यह आंकड़ें 2016 के हैं, लेकिन इसकी मदद से यह समझा जा सकता है कि बढ़ता वजन एक गंभीर विश्व स्तर की समस्या है।

अधिक शुगर बन सकता है आपकी सेहत का दुश्मन, जानें क्या हो सकते हैं इसके नुकसानइसलिए कहीं आप भी इस समस्या के शिकार न हो जाएं, इसलिए मोटापे से बचाव के लिए सावधानियों का ध्यान रखना जरूरी है। लेकिन अगर आप ओवरवेट या मोटापे की गिरफ्त में आ चुके हैं, तो हम आपको बताना चाहते हैं कि लाइफस्टाइल में कुछ जरूरी बदलाव और अपने डॉक्टर की मदद से, आप वजन कम करने में सफल हो सकते हैं। इसलिए अपने इस साल के फिटनेस गोल्स में मोटापे से बचाव को सबसे टॉप प्रायोरिटी दें। वजन कम करने से आपको और भी कई फायदे मिल सकते हैं। आइए जानते हैं, वजन कम करने के क्या-क्या लाभ हो सकते हैं।

**आत्मविश्वास में बढ़ोतरी**

आपकी बॉडी कैसी दिखती है, इसका आपके आत्मविश्वास पर काफी गहरा प्रभाव पड़ता है। बॉडी फैट अधिक होने की वजह से आपका कॉन्फिडेंस कम हो जाता है और बॉडी इमेज इशू हो सकते हैं। इसलिए वजन कम करने से आपका आत्मविश्वास बढ़ सकता है और आप अपने बारे में पॉजिटिव सोचना शुरू कर देते हैं, जो आपकी मेंटल हेल्थ के लिए भी फायदेमंद होता है।

**जोड़ों को दर्द से राहत**

अधिक वजन होने की वजह से आपके जोड़ों पर काफी जोर पड़ता है, जिस वजह से आपके जोड़ों में दर्द हो सकता है। दरअसल, अधिक फैट की वजह से आपके जोड़ों में इंफ्लेमेशन हो सकती है, जिस कारण से जोड़ों के टीशू डैमेज होने लगते हैं। वजन अधिक होने की वजह से आर्थराइटिस का खतरा भी रहता है। इसलिए वजन कम करने से जोड़ों के दर्द से आराम के साथ-साथ आर्थराइटिस के खतरे को भी कम करने में मदद मिल सकती है।

**दिल के लिए फायदेमंद**

वजन अधिक होने की वजह से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ जाती है, जिस कारण से गुड कोलेस्ट्रॉल कम हो सकता है। गुड कोलेस्ट्रॉल प्लेग को ब्लड वेसल्स से साफ करता है, जिस वजह से आपके दिल के फंक्शन में कोई समस्या नहीं होती और वह स्वस्थय रहता है। इसलिए वजन कम करना आपके दिल को हेल्दी रखने में मदद करता है।

**ट्राईग्लिसराइड्स को कम करता है**

आपके शरीर में अनहेल्दी फैट की मात्रा बढ़ने की वजह से ब्लड वेसल्स में प्लेग इकट्ठा होने लगता है, जिससे आर्टरीज के ब्लॉक होने का खतरा रहता है, जो स्ट्रोक और हार्ट अटैक का कारण बन सकता है। वजन कम करने से शरीर में मौजूद, इन अनहेल्दी फैट्स की मात्रा कम हो सकती है।

**स्लीप एपनिया से राहत**

स्लीप एपनिया आपकी रातों की नींद उड़ा सकता है, जिस कारण से आपकी सेहत पर काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। दरअसल, वजन अधिक होने की वजह से आपके गर्दन पर एक्सट्रा फैट इकट्ठा हो जाता है, जिस वजह से रात को सोते समय सांस लेने में तकलीफ हो सकती है।

**डायबिटीज से बचाव**

डायबिटीज एक गंभीर बीमारी है, जिसका सबसे बड़ा रिस्क फैक्टर मोटापा या ओवरवेट होना है। दरअसल, अधिक वजन होने की वजह से इंसुलिन सेंसिटिविटी कम हो जाती है, जिस कारण से ब्लड शुगर लेवल बढ़ने लगता है और आप डायबिटीज के शिकार हो सकते हैं।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# ग्वालटोली में बालाजी मंदिर के पुराने भवन को हटाने का कार्य जारी

### संभवत 22 जनवरी से प्रारंभ होगा नवनिर्माण, एक करोड़ 11 लाख रुपए की लागत से बनेगा नया मंदिर



**नीमच।** ग्वालटोली में महू– नसीराबाद हाईवे रोड पर स्थित प्राचीन एवं दक्षिण मुखी श्री विराट विराय मारुति नंदन बालाजी मंदिर का नवनिर्माण मंदिर समिति द्वारा जन सहयोग से किया जा रहा है। यहां लगभग 1 करोड़ 11 लाख रुपए की लागत से सुंदर एवं कलात्मक मंदिर का निर्माण किया जाएगा, निर्माण कार्य की रूपरेखा पूर्ण होने के साथ ही मंदिर समिति ने इस मंदिर के निर्माण का ठेका अहमदाबाद की प्रसिद्ध खिमज शिल्प कला कंपनी को दिया है, जो राजस्थान भरतपुर बयाना के पिंक पत्थरों से मंदिर का निर्माण करेगी। मंदिर पूरी तरह से कलात्मक होगा। ठेका मिलने के बाद कंपनी के कर्मचारियों द्वारा कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। वर्तमान में यहां पुराने मंदिर भवन को हटाने का कार्य जारी है। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा पूरी सावधानी के साथ मंदिर भवन को हटाया जा रहा है। सर्वप्रथम मंदिर के शिखर को हटाया गया, उसके बाद अब मंदिर का भवन हटाया जा रहा है। यह कार्य जैसे ही पूर्ण हो जाएगा उसके बाद संभवत: आगामी 22 जनवरी को मंदिर के नवनिर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मंदिर समिति के संरक्षक किशन खलीफा, लोकेश रियार, नंदलाल बनिये सहीत अन्य पदाधिकारीयो ने बताया कि मंदिर निर्माण का निर्णय लेने के बाद मंदिर समिति को दानदाताओं का सहयोग भी भरपूर मिल रहा है। 22 जनवरी को जहां एक तरफ अयोध्या में श्री राम लला विराजमान होंगे, उसी दिन संभवत: ग्वालटोली में भी श्री बालाजी मंदिर के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। सर्वप्रथम मंदिर का गर्भ ग्रह पूर्ण होगा, उसके बाद मंदिर के शेष भाग का निर्माण संबंधित ठेकेदार द्वारा तेजी से किया जाएगा। उक्त जानकारी मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी श्रवण शर्मा राज ने दी।

## पेट्रोल डीजल पंप संचालकों को रिजर्व स्टॉक रखने का आदेश जारी

**नीमच।** कलेक्टर दिनेश जैन द्वारा जिले के सभी पेट्रोल पंप डीजल पंप संचालको को तत्काल प्रभाव से अपने पंप पर पेट्रोल डीजल का रिजर्व स्टॉक रखने का आदेश जारी किया गया है। जिले के प्रत्येक पेट्रोल पंप डीजल पंप संचालकों को अपने पंप पर 3000 लीटर डीजल पेट्रोल का रिजर्व स्टॉक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है,कि जिले में विभिन्न तेल कंपनियों के 60पेट्रोल पंप संचालित है .इन पंपों पर 633844 लीटर डीजल एवं 487544 लीटर पेट्रोल का स्टॉक उपलब्ध है प्रशासन द्वारा ऑयल कंपनी से डीजल पेट्रोल की जिले में निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं।

## कलेक्टर ने की सभी वाहन चालकों से अपील, अत्यावश्यक सेवाएं प्रभावित ना करें



**नीमच।** कलेक्टर दिनेश जैन ने की जिले के सभी ट्रक व यात्री बसों के वाहन चालकों से अपील की है, कि वे अत्यावश्यक लोक परिवहन सेवाएं, यात्रायात सेवाएं, चिकित्सा सेवाएं, एम्बुलेंस, दुध, सब्जी, फल, खाद्य सामग्री, पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से सम्पादित करवाने में प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। जिससे कि आमजनों को कोई असुविधा का सामना ना करना पडे।

कलेक्टर श्री जैन ने अपील में कहा कि केंद्र शासन व्दारा मोटर व्हीकल एक्ट में किया गया संसोधन एक अप्रेल 2024 से लागू होगा। उसका तत्काल कोई प्रभाव नहीं है। वाहन चालक इससे ना घबराये। अपना दैनिक कार्य नियमित रूप से सुचारू रूप से करें। वाहन चालकों व्दारा की जाने वाली मांगो को शासन को प्रेषित किया जा रहा है। शासन व्दारा उचित निर्णय इस पर लिया जायेगा।

## कलेक्टोरेट में नव वर्ष के प्रथम दिवस राष्ट्रगॉन, म.प्र.गॉन एवं वन्दे मातरम का गायन हुआ




**नीमच।** जिला कलेक्टर कार्यालय नीमच में सामुहिक राष्ट्रगॉन एवं वंदेमातरम के गायन से नववर्ष में कार्यो की शुरूआत हुई। राष्ट्रगॉन एवं वन्देमातरम का गायन कलेक्टर दिनेश जैन, एडीएम सुश्री नेहा मीना, जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद, सुश्री प्रिती संघवी, डिप्टी कलेक्टर संजीव साहू, सुश्री किरण आंजना, एसडीएम नीमच डॉ.ममता खेडे की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट भवन स्थित सभी विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से राष्ट्रगॉन एवं वंदे मातरम एवं म.प्र.गॉन का गायन किया। तदपश्चात शासकीय कार्यो की शुरूआत की गई। कलेक्टोरेट, राजस्व, भू–अभिलेख, श्रम, आदिम जाति कल्याण, आबकारी, खनिज, शिक्षा, कोषालय, पुलिस विभाग, जिला जनसम्पर्क, शहरी विकास अभिकरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## कर्मचारी आवास कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जाए– श्री जैन

### कलेक्टर एवं एडीएम ने की जनसुनवाई– 46 लोगों की सुनी समस्याएं



**नीमच।** म.प्र.राज्य कर्मचारी आवास निगम व्दारा कनावटी नीमच में विकसित की गई आवासीय कॉलोनी को आवास निगम से चर्चा कर, मूलभूत सुविधाएं रहवासियों को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करवाएं। उक्त कॉलोनी को नगर पालिका नीमच या ग्राम पंचायत कनावटी को हेण्डओवर करने के लिए कर्मचारी आवास निगम भोपाल को पत्र लिखा जाए। निगम के एक अधिकारी–कर्मचारी को माह में दिन निर्धारित कर नीमच में उपलब्धता सुनिश्चित करवाई जाए, जिससे आवास निगम की कॉलोनी के रहवासियों को निगम से संबंधित कार्यो के लिए कोई असुविधा ना हो। यह निर्देश कलेक्टर दिनेश जैन ने जनसुनवाई में कर्मचारी आवास निगम कॉलोनी के रहवासियों के आवेदन पर एसडीएम नीमच को दिए। इस मौके पर एडीएम सुश्री नेहा मीना, जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद, व अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर कार्यालय नीमच में मंगलवार को कलेक्टर दिनेश जैन एवं एडीएम सुश्री नेहा मीना ने जनसुनवाई करते हुए–46 लोगों से रूबरू होकर, उनकी समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर एसडीएम नीमच डॉ.ममता खेडे, डिप्टी कलेक्टर संजीव साहू, सुश्री किरण आंजना सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में नीमच के संजय गौड ने टीचर्स रिस्पॉंस पैकेज के तहत टेबलेट क्रय की जॉच करवाने, भाटखेडी के कारूलाल गायरी ने फर्जी नाम से राशि निकालने पर कार्यवाही करने, अम्बेडर कालोनी नीमच के मोहनलाल भील ने मकान विक्रय करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, मोलाना आजाद कालोनी नीमच के अब्दुल ईदवाजी ने पेंशन चालू करवाने, अमावली महल के रमेशचन्द्र ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की अनुदान राशि का लाभ दिलवाने, नीमच सिटी के फखरू मोहम्मद ने मकान में रहने की अनुमति दिलवाने, नीमच सिटी की सलमा बी ने मकान का नामांतरण करवाने एवं जालीनेर के हरिओम पंचारिया ने झूठा पंचनामा बनाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया।

इसी तरह धोकलखेडा के वेणीराम, रामसिंह देवीलाल, मुलचंद मार्ग नीमच के माधवलाल कुचबंदिया, नीमच के राकेश किलोरिया, पडदा की संतोषबाई भाट, खेडी मोहल्ला नीमच सिटी की मोनिका बागोरा,बघाना के शिव कैथवास, नीमच सिटी की निर्मलाबाई दमामी, इन्दिरा नगर नीमच की निर्मला प्रजापति, मोडी के कारूलाल राठौर एवं नेवड के गार्धन गायरी, ब्रहम्पुरी जावद निवासी लीलाबाई, यादवमण्डी नीमच के बृजमोहन कर्णिक, कुकडेश्वर के रामगोपाल सुतार, स्कीम नंबर–9 नीमच के मोहम्मद अकबर कुरैशी, रामपुरा के तेजकरण कहार, सावन के नरेन्द्र कुमार शर्मा, निलिया के केशरनाथ, निपानिया आबाद के कैलाश बाई, मोडी के कैलाश बाई सुतार, आदि ने भी अपना आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत कर समस्याए सुनाई।

## पांच सौ एएसआई बनेंगे उप निरीक्षक, 15 दिनों में होगी 1334 पदोन्नतियां

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पांच सौ सहायक उप निरीक्षकों (एएसआई) को पदोन्नत कर उप निरीक्षक (एसआई) बनाया जाएगा। इनके पदोन्नति की प्रक्रिया पुलिस मुख्यालय में चल रही है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस मुख्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर पात्र पुलिसकर्मियों को 15 दिनों के भीतर पदोन्नत करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद लगातार पदोन्नतियां की जा रही हैं। अभी तक ज़िला बल के 298 उप निरीक्षकों को निरीक्षक, 39 सूबेदारों को रक्षित निरीक्षक, 242 प्रधान आरक्षकों को एएसआइ और 210 आरक्षकों को प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नति दी गई।

### 15 दिनों से कम समय में 1334 पदोन्नतिय

विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) में विभिन्न संवर्गों (जीडी ,आर्म्स अश्वारोही, बैंड) में 67 उप निरीक्षक से निरीक्षक, 118 सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक एवं 167 प्रधान आरक्षकों को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। दो दिन पहले एडीजी स्तर के दो, आइजी स्तर के 15, डीआइजी स्तर के 18 , प्रवर श्रेणी वेतनमान में पांच आइपीएस अधिकारियों को पदोन्नत किया गया द्य इस प्रकार पुलिस में 15 दिनों में कम समय में 1334 पदोन्नतियां दी गई हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव–गांव में कर रही है भ्रमण

**मंदसौर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सभी जनपदों में किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा ने जनपद पंचायत मंदसौर के ग्राम झिरकन, गुदियाना, सेमलियाहिरा एवं पाडलियालालमुंहा, जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में यात्रा देवरी एवं बैलारा, जनपद पंचायत गरोठ में यात्रा भूटनी एवं गराडा, जनपद पंचायत भानपुरा में यात्रा कंवला एवं सादलपुर जनपद पंचायत सीतामऊ में गलियारा, खेड़ा, धलपट एवं ढाबलामहेश में भ्रमण किया। यात्रा के दौरान संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई गई । इस दौरान सुवासरा विधायक श्री हरदीप सिंह डंग, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, ग्रामीण जन एवं पत्रकार उपस्थित थे ।

## गांव में पुष्प वर्षा कर अक्षत कलश का किया स्वागत



**प्रतापगढ़।** जिला मुख्यालय के निकट बरडिया ग्राम पंचायत पर रविवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से पूजित अक्षत कलश का गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। वही आसपास के खेड़ा काजली समंतपुरा खेरमगरी के गांवों से भी ग्रामीण डीजे लेके बरडिया पूजित अक्षत लेने पहुचे।

यह पूजित अक्षत सोमवार से घर घर पहुंचाएंगे। यह अभियान 1 से 15 जनवरी तक चलेगा। 22 जनवरी को मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण किया जाएगा। उस दिन हर घर दीप जलाकर मंदिरों को सजा कर महा आरती कर भगवान राम के मंदिर में पुन: विराजमान को लेकर खुशियां मनाई जाएगी।

## विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 8 जनवरी तक करें

**मंदसौर।** जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती रेखा पांचाल द्वारा बताया गया कि जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों (एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर एवं आदर्श आवासीय विद्यालय) में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में कक्षा 6वी में प्रवेश के लिये प्रवेश परीक्षा के आवेदन ऑनलाइन भरे जा रहे है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 8 जनवरी 2024 को सायं 5 बजे तक आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग मंदसौर में सम्पर्क कर सकते है।

सांसद गुप्ता ने ग्राम देवरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सहभागिता की

## कोई भी पात्र व्यक्ति जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहे – सुधीर गुप्ता

**मंदसौर।** सांसद सुधीर गुप्ता ने संसदीय क्षेत्र की मल्हारगढ़ विधानसभा के ग्राम देवरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। इस अवसर पर सांसद गुप्ता ने ग्रामवासियों को विकसित भारत बनाने की शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर सांसद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर विकसित भारत निर्माण का संकल्प देशवासियों में राष्ट्र की प्रगति व प्रतिष्ठा के अभ्युदय का विश्वास बना है। आज भारत प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ अर्जित कर रहा है। युवा, महिला, किसान और गरीब को सशक्तिकरण और स्वावलंबन प्रदान करने को समर्पित यह संकल्प यात्रा जन–जन के नवजागरण का संदेश बनी है। सांसद गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ही इसलिए किया गया है ताकि अगर किसी पात्र व्यक्ति को लाभ नहीं मिल रहा तो इस यात्रा के दौरान वह अपना पंजीकरण कराकर योजना का लाभ ले सकता है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सामंतसिंह भाजपा के वरिष्ठनेता पूर्व सरपंच देवीलाल धनगर, जनपद सदस्य बंशीलाल धनगर, सरपंच भारत चौहान, बुथ अध्यक्ष बद्रीलाल धनगर, विष्णु पाटीदार, गोविंदसिंह सहित अधिकारी कर्मचारीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे ।

# प्रदेश में आवश्यकता के अनुसार संभाग और जिलों की सीमाओं का होगा पुर्ननिर्धारण

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में इंदौर की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक

### पुर्ननिर्धारण के अध्ययन के लिये कमेटी बनाने के दिए निर्देश



बैठक में डीजे तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित उपयोग के प्रतिबंध को प्रभावी रूप से पालन कराने के लिये की गई कार्रवाई की समीक्षा के लिये जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्णयों की सराहना की। उन्होंने इस कार्य को आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिये बेहतर कदम बताया। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे विकास कार्यों के लिये प्रस्ताव बनाकर अपने जिलों के कलेक्टरों के माध्यमों से शीघ्र भिजवाएं। इंदौर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राकेश गुप्ता ने इंदौर संभाग में पुलिस विभाग में कार्यवाहक व्यवस्था के अंतर्गत की गयी पदस्थापना, पुलिस के स्वीकृत पद, उपलब्ध पद तथा रिक्त पदों के संबंध में जानकारी दी। बैठक में चयनित आदतन अपराधियों की जमानत निरस्त की प्रगति, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट तथा विभिन्न धाराओं के तहत की गयी प्रतिबंधात्मक कार्रवाईयों, कानून व्यवस्था, कल्याणकारी गतिविधियों आदि की भी समीक्षा की गयी।

**भोपाल। अब जिला स्तर पर भी होंगी समीक्षा बैठकें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में आवश्यकता के अनुसार संभाग और जिलों की सीमाओं का पुर्ननिर्धारण किया जाये। इसके लिये कमेटी बनाकर अध्ययन कराया जायेगा। इस कार्य की शुरूआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इंदौर संभाग से की जायेगी। उन्होंने थानों की सीमाओं का पुर्ननिर्धारण भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उक्त प्रक्रिया में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी विचार विमर्श किया जाये।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर संभाग के खरगोन में आयोजित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस बैठक में उन्होंने संभाग में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति के साथ ही कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संभाग स्तरीय समीक्षा बैठकों के बाद अब जिला स्तर पर भी इस तरह की समीक्षा बैठकें आयोजित की जायेंगी। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा और डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में मंत्रीगण तुलसीराम सिलावट, विजय शाह, सुश्री निर्मला भूरिया एवं नागर सिंह चौहान सहित संभाग के सांसद, विधायक, स्थानीय निकायों के महापौर और अध्यक्षों सहित प्रशासन और पुलिस के अधिकारीगण मौजूद थे। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा इंदौर संभाग के लिये बनाये गये प्रभारी अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव एवं पुलिस के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जयदीप प्रसाद भी थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस का अपना बैंड होना चाहिये। इसके लिये प्रदेश में कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस बैंड में पर्याप्त संख्या में सदस्य रहें, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इसके लिये सहमति के आधार पर होमगार्ड के जवानों को भी पुलिस बैंड में शामिल किया जाये। पर्याप्त संख्या में सहमति नहीं मिलने पर होमगार्ड में बैंड वादकों को भर्ती किया जाये। उन्होंने कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि थानों की सीमाओं के पुर्ननिर्धारण का कार्य जनप्रतिनिधियों के सुझाव के आधार पर शीघ्र पूरा कर लिया जाये। इसके लिये जिला स्तर पर कमेटी बनाकर कार्यवाही की जाये। यह कार्य निर्धारित समयसीमा में हो।

डॉ. यादव ने कहा कि अपराधों पर प्रभावी निगरानी एवं अपराधों की ट्रेसिंग के लिये अब गॉवों के प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर भी पंचायतों के माध्यम से सीसीटीवी कैमरे लगवाये जायें। उन्होंने शहरों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह कार्य जनसहयोग से किया जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी सिंहस्थ के मद्देनजर ओंकारेश्वर में नये घाट निर्माण और दर्शन की सुलभ व्यवस्था के लिये कार्ययोजना बनायी जाये। उन्होंने दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के भी निर्देश दिये। प्रत्येक जिलों में साइबर थानों की स्थापना पर भी चर्चा की गई।

उद्योगों को आत्मनिर्भर और लाभकारी बनाए – मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## प्रदेश के भविष्य की संभावनाओं और उद्योगों की आवश्यकता अनुसार नीतियां बनाए, मशीन आधारित उद्योगों के साथ रोजगार आधारित उद्योग स्थापित कराएं




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उद्योग लगवाने के साथ–साथ उन्हें आगे बढ़ाने के लिए भी प्रयास करें। उद्योगों को आत्मनिर्भर और लाभकारी बनाए। इसके कार्य के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मंत्रालय में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की गतिविधियों और कार्ययोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बुंदेलखंड और बघेलखंड जैसे क्षेत्रों के औद्योगिक विकास के लिए स्थानीय सुविधा अनुसार कंपनियों को उद्योग लगाने के लिए आकर्षित करने का प्रयास करें।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में स्थानीय स्तर पर होने वाली उपज जैसे दूध, सोयाबीन, हर्बल और लघु वनोपज आदि की उपलब्धता अनुसार स्थानीय स्तर पर छोटी–छोटी यूनिट लगवाने का अभियान चलाए। जिले में स्थानीय उद्योगपतियों को नए उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहन की नीति बनाएं। नये उभरते उद्यमों (सनराईज इंडस्ट्री) के लिये क्षेत्रवार अलग से नीति बनायी जाये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भविष्य की दृष्टि से नए रेलवे ट्रैक और जल मार्ग के जरिए नए क्षेत्रों में उद्योग की स्थापना की योजना बनाए। मशीन आधारित उद्योगों के साथ रोजगार आधारित उद्योग स्थापित कराएं। प्रदेश के भविष्य की संभावनाओं और उद्योगों की आवश्यकता अनुसार नीतियां बनाए। उद्योगों को सब्सिडी समय पर देना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अन्य संभागों में एमपीआईडीसी के क्षेत्रीय कार्यालय खोलने के लिए निर्देश जारी किये। उज्जैन में भी एमपीआईडीसी का नया कार्यालय खोला जाएगा। इससे उज्जैन, नीमच, रतलाम सहित अन्य जिलों में औद्योगिकीकरण को प्रोत्साहन मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को विभागीय संरचना, इंडस्ट्रियल ईको सिस्टम, औद्योगिक क्षेत्र भूमि वितरण, उद्योग संवर्धन नीति 2014 और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर एवं एक्सप्रेस वे सहित विभिन्न कार्यों का प्रेजेंटेशन दिया गया। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन संजय शुक्ला, प्रबंध संचालक एमपीआईडीसी नवनीत मोहन कोठारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला–23, नीमच, जिला–नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: 9407423966। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।